1. Water recharging / conservation / resistively survey

प्रेषक :— अर्ध शासकिय पत्र क्रमांक......
....

आर. के. दुबे दिनॉक 04.04. 2005
प्रमुख अभियंता

विषय :— अनुपयोगी हैण्ड पम्पों को रिचार्जिंग नलकूपों में परिवर्तित करने हेतु विशेष अभियान।
संदर्भ :— इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 2282 दिनॉक 28.03.2005

प्रिय श्री ....
जैसा की आपको विदित हैं कि प्रदेश में विगत कई बर्षो से अपर्याप्त बर्षा के कारण गिरतें भू— जल स्तर की स्थिति को देखते हुए पेय जल स्त्रोतों के स्थायित्व हेतु भू—जल संवर्धन के कार्य वृह्त रूप से किये जाने की अत्यंत आवश्यकता हैं। जिन क्षेत्रों के हैण्ड पम्प भू—जल स्तर गिरने के कारण स्थाई रूप से बंद हो गए हैं उन नलकूपों को रिचार्जिग नलकूप में परिवर्तित किया जावे इस संर्दभ में आपको आवश्यक दिशा निर्देश इस कार्यालय द्वारा जारी किये जा चुके हैं।

अतः आप कार्यापालन यंत्रीयों को निर्देश जारी करें कि अनुपयोगी हैण्ड पम्पों से ऐसम्बली निकाल कर तथा पंचनामा बनाकर हैण्ड पम्प एंसम्बली को भंडार में जमा करना हैं। इस संबंध में निर्देशीत किया जाता हैं अनुपयोगी हैण्ड पम्पों के अन्तगर्त ऐसे हैण्ड पंपों के सूची तैयार कि जावे जो पूरे वर्ष के दौरान जल प्रदाय नही करते हैं तत्पश्चात इन नल कूपों से सामग्री निकाल ने एवं उन पर रिचार्जिंग संरचना निर्माण करने पर होने वाले व्यय की जानकारी भी दि जावे। जिससे की अतिरिक्त आवंटन दिये जाने पर विचार किया जा सके।

मैं चाहूॅगा की` कार्य एक अभियान चलाकर 30 जून 25 तक पूण किया जावे अर्थात उक्त अवधी पश्चात अनुपयोगी हैण्ड पंपों क संख्या शून्य होगी इस हेतु आपको प्रारंभिक आवटन भी दिया जा रहा हैं अतः कार्य आरंभ करवाए एवं आप स्वंय तथा अधिक्षण यंत्री भ्रमण कर अभियान की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे तथा उपरोक्त कार्य

की साप्तहिक प्रगति संलग्न पपत्रों में इस कार्यालय के पत्र क्रमाक 2255 दिनॉक 24.03.2005 द्वारा हैण्ड पंप सुधार अभियान 2005 पत्रक के साथ नियमित रूप से भेजने की व्यवस्था करें। मुख्य अभियंता अधिक्षण यंत्री द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के समय अभियान के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र की पयजल व्यवस्था का भी आकलन कर समुचित कार्यवाही की जावे।

उपरौक्त निर्देशों का कढाई से पालन किया जावे अन्था निर्देशों की अवहेलना करने वाले अधिकारीयों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही कि जावेगी

भवदीय

(आर. के. दुबे)

प्रति

श्री.................................

मुख्य अभियंता

लो0स्वा0यां0विभाग

परिक्षेत्र ....

क्रमांक 2583 / भू जल संवधर्न /प्र0अ0 / लो0स्वा0यां0 /भोपाल,दिनॉक 04.04.2005

प्रतिलिपि :–

सचिव, मध्य प्रदेश शासन लो0स्वा0यां0विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।

अधीक्षण यंत्री लो0स्वा0यां0विभाग मंडल.....................................

कार्यपालन यंत्री लो0स्वा0यां0खंड...

भवदीय

(आर. के. दुबे)